# मध्य प्रदेश के 3 बच्चे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानति

## चर्चा में क्यों?

24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दविस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में एक वर्चुअल समारोह में देश के 61 बच्चों को वर्ष 2021 एवं 2022 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानति किया, जिनमें मध्य प्रदेश के 3 बच्चे शामिल हैं।

## प्रमुख बिंदु

- इस वर्ष के इन पुरस्कार विजिताओं में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 15 लड़के और 14 लड़कियां हैं। ये बच्चे देश के सभी क्षेत्रों से नवाचार (7), सामाजिक सेवा (4), शैक्षिक (1), खेल (8), कला और संस्कृति (6) तथा वीरता (3) श्रेणियों में अपनी असाधारण उपलब्धियों के लिये चुने गए हैं।
- इसी प्रकार वर्ष 2021 के पुरस्कार विजिताओं में 21 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 32 बच्चे नवाचार (9), कला एवं संस्कृति (7), खेल (7), शैक्षिक (5), वीरता (3) तथा सामाजिक सेवा (1) श्रेणियों में चुने गए हैं।
- पीएमआरबीपी पुरस्कार विजिता हर साल गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेते हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजिता को एक पदक, एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार और एक प्रमाण-पत्र दिया जाता है।
- मध्य प्रदेश के अविशर्मा को शैक्षिक श्रेणी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार- 2022 से सम्मानति किया गया है। वहीं वर्ष 2021 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से पलक शर्मा (खेल) एवं अनुज जैन (शैक्षिक) को सम्मानति किया गया।
- पीएमआरबीपी 2021 और 2022 के पुरस्कार विजिता अपने माता-पिता तथा अपने-अपने जिले के जिला मजिस्ट्रेट के साथ संबंधित जिला मुख्यालय से इस कार्यक्रम में शामिल हुए।
- प्रधानमंत्री ने समारोह के दौरान राष्ट्रीय ब्लॉकचेन परियोजना के तहत आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित ब्लॉकचेन संचालित तकनीक का उपयोग करके पीएमआरबीपी 2021 और 2022 के 61 विजिताओं को डिजिटल प्रमाण-पत्र प्रदान किये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/3-children-of-madhya-pradesh-honored-with-prime-minister-s-national-child-award